BUDGET 2017: रेलवे के लिए हुए ये बड़े ऐलान

ऑनलाइन टिकट बुकिंग होगी सस्ती

रेलवे के लिए किए गए ऐलानों में सबसे बड़ा ऐलान तो ऑनलाइन टिकटों की बुकिंग पर दी गई राहत है. ऑनलाइन माध्यम से टिकट बुक करने वालों को अब सर्विस चार्ज नहीं देना होगा और इससे ई-टिकट सस्ते होंगे. ई-टिकट से सर्विस चार्ज खत्म किया गया है. रेलवे के लिए 1 लाख 31 हजार करोड़ रुपये का फंड जारी किया.

रेलवे के लिए हुए ये बड़े ऐलान

- रेलवे के लिए 1 लाख करो़ड़ रुपये से रेल रक्षा कोष बनाया जाएगा जिससे यात्री सुरक्षा में सुधार होगा.
- इसके अलावा एक बड़ा ऐलान ये हुआ है कि IRCTC भी शेयर बाजार में लिस्ट होगी, रेलवे कंपनियों को शेयर बाजार में लिस्ट किया जाएगा.
- रेलवे में डिजिटल पेमेंट बढ़ाने पर सरकार का फोकस है तो इस साल रेलवे में डिजिटल पेमेंट को 55 फीसदी से बढ़ाकर 68 फीसदी तक ले जाने का लक्ष्य है.
- इस साल 25 स्टेशनों का रीडेवलपमेंट किया जाएगा.
- कोच की शिकायतों के लिए कोच मित्र योजना लाई जाएगी और SMS से क्लीन माई कोच सेवा ली जा सकेगी.
- 2019 तक सारे ट्रेनों में बायो टॉयलेट लगेंगे.
- 2020 तक चौकीदार वाले फाटक खत्म किए जाएंगे
- 2000 रेलवे स्टेशनों को पूरी तरह सोलर पावर से चलाने योग्य बनाया जाएगा.
- 500 रेलवे स्टेशनों को दिव्यांगों के लिए डिसएबल्ड फ्रेंडली बनाया जाएगा.
- 500 किलोमीटर रेल लाइन बनेगी पर्यटन और तीर्थ के लिए नई ट्रेने आएंगी.
- 3500 किलोमीटर नई रेलवे लाइन बनेगी

ऐसे बढ़ेगी रेलवे की कमाई

इसमें रेलवे की ब्रान्डिंग से लेकर रेल स्टेशनों का मॉर्डनाइजेशन किया जाने से लेकर ट्रेनों के बाहर और अंदर विज्ञापन लगाए जाएंगे. सरकार नॉन फेयर रेवेन्यू बढ़ाने पर जोर दे रही है जिसके चलते रेल किराए नहीं बढ़ाए गए हैं. लेकिन भारतीय रेलवे की री-ब्रांडिंग की जाएगी और रेलवे स्टेशनों पर भी विज्ञापन के लिए नए माध्यम ढूंढें जाएंगे. जैसे डिस्पले बोर्ड बढ़ाना, रेल कोच के बाहर विज्ञापन बढ़ाना आदि.

एक ऐसी घोषणा जो ना होने से यात्रियों को राहत मिली है वो है रेल टिकट महंगे ना होने का ऐलान. यात्रियों के लिए किसी भी तरह के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई. सरकार नॉन फेयर रेवेन्यू बढ़ाने पर जोर दे रही है जिसके चलते रेल किराए नहीं बढ़ाए गए हैं.